ST.MONTFORT SCHOOL, PATEL NAGAR, BHOPAL

WORLD THINKING DAY -2021 CELEBRATED

To commemorate the birth anniversary of Mr. & Mrs. Lord Baden Pawel, founder of Scout and Guide movement, St.Montfort School celebrated “World Thinking Day” on 22nd February 2021 in its school auditorium. Such a day was marked by garlanding the picture of Mr.& Mrs. Lord Baden Pawel at the hands of Rev. Bro Monachan K.K. followed by all religious prayer (Sarvdharam Prathana) attended by the school teaching staff.

विचार दिवस 22 फरवरी 2021

'' दूर हैं तो क्या हुआ, आज का दिन तो हमें याद है।
आप न सही पर आपका साया तो हमारे साथ है।।'' ....

इन्ही पलों को संजोये हुए दिनांक 22 फरवरी 2021 को सेंट मोन्टफोर्ट विद्यालय पटेल नगर भोपाल में विचार दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया । यह विचार दिवस श्री राबर्ट स्टिफेन्सन स्मिथ बेडेन पावेल एवं श्रीमती आलेव सोम्स क्लेयर के जन्म दिन के उपलक्ष्य में मनाया गया। लार्ड बेडेन पावेल जी स्काउट/गाइड के जन्मदाता एवं संस्थापक थे ।
विद्यालय के प्राचार्य सम्मानीय ब्रदर मोनाचन के.के एवं को–ऑर्डिनेटर्स के द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। आदरणीय ब्रदर एवं आशा मैडम द्वारा लार्ड बेडेन पावेल और लेडी बेडेन पावेल की तस्वीर पर माल्यार्पण किया गया।

इसी के साथ में श्रीमान समर्पित सर के मार्गदर्शन पर प्रार्थना समूह द्वारा सर्वधर्म प्रार्थना की सुन्दर प्रस्तुति दी गई ।

सर्वधर्म समभाव अर्थात् भारत की अखण्डता को व्यक्त करते हुए सभी भारतीय धर्मो की व्यक्तिगत प्रार्थनाएँ सम्पन्न हुईं । पृथक –पृथक धर्मो में जैसे हिन्दू ,बौद्ध, ईसाई, इस्लाम, जैन , सिक्ख एवं पारसी धर्मो की प्रार्थनाएँ सम्मिलित की गईं ।

इसी क्रम में आदरणीय मोनाचन के. के. जी द्वारा संबोधन के रूप में ईश्वर की आराधना करते हुए बताया कि हम भले ही अनेक धर्मो को मानते हो किन्तु हम सबका ईश्वर एक ही है। धर्म रूपी सीढ़ियाँ भले ही अलग हो किन्तु हम सबकी मंजिल एक ही है। इस प्रकार इस महामारी के दौर में भी कार्यक्रम की सुंदर प्रस्तुति की भूरी –भूरी प्रशंसा की ।

अंत में श्री संजू मेवाड़े सर द्वारा कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन किया गया। इस प्रकार उत्साह, एवं आन्नद के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया।